त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018
हिन्दी साहित्य

कक्षा : VIII

समय : 2 घंटे 15 मिनट | पूर्णांक : 80

किन्हीं पाँच प्रसंगों के उत्तर लिखें।

1. **इस त्योहार के समय बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी आनंद और उल्लास में डूबे होते हैं।** [4x4=16]

(क) गौरू बिहू' के दिन लोग किसकी और किस प्रकार सेवा करते हैं ?

(ख) 'माघ-बिहू' और होली के पर्व में क्या समानता है ? यह त्योहार कब और कैसे मनाया जाता है ?

(ग) 'काति बिहू' को 'कंगाली बिहू' क्यों कहा जाता है ? इस अवसर पर लोग मुख्य रूप से क्या-क्या करते हैं?

(घ) बिहू त्योहार में होने वाले विभिन्न प्रकार के खेलों का वर्णन करें।

2. **दुनिया काँच के महल जैसी है।** [4x4=16]

(क) इमर्सन कौन थे ? वे परेशान क्यों हुए ? उनकी अनपढ़ नौकरानी ने पढ़े लिखे इमर्सन को क्या सिखाया?

(ख) काँच के महल में घुसने वाले दोनों कुत्तों के अनुभव अलग-अलग क्यों थे?

(ग) लेखक के मित्र की खास गलती क्या है ? वे किसे अपना परम धर्म समझते हैं ? वे क्या भूल जाते हैं ?

(घ) ग्रीस के संत 'सुकरात' ने कौन-सी 'पते की बात' कही थी ? लेखक क्यों चाहते हैं कि उनका मित्र इस 'बात' को लिख कर अपने कमरे में टाँग ले ?

3. **पलंग काफी भारी था, पर बहुत ऊँचा न था।** [4x4=16]

(क) राम सिंह कौन था ? रात में घोष बाबू की नींद क्यों खुल गई ? उन्हें किस प्रकार का अनुभव हो रहा था?

(ख) घोष बाबू को बचने का कौन-सा उपाय समझ में आया ? इस उपाय से उन्हें एक-एक क्षण पहाड़ सा क्यों प्रतीत होने लगा ?

(ग) शेर पलंग के नीचे घुसने की कोशिश क्यों कर रहा था? उस कोशिश में उसका क्या हाल हुआ ?

(घ) शेर के सशंकित होने का क्या कारण हो सकता था? उसकी शंका खत्म होने पर भी शेर ने एकदम से आक्रमण क्यों नहीं किया ?

4. **"अल्लाह मालिक है, वो ही कुछ करेगा।"** [4x4=16]

(क) समद का पूरा परिचय दीजिए। उसकी 'बड़ी इच्छा' क्या थी? उसे पूरा करने के लिए उसने क्या उपाय किया?

(ख) रास्ते में भटके हुए पन्द्रह आदमियों के साथ समद ने कैसा व्यवहार किया ? सराय छोड़कर आगे न जाने का क्या कारण बताया ?

Downloaded From www.icseboard.org

(ग) समद किस प्रकार मक्का पहुँचा ? वहाँ उसने क्या-क्या किया ? वह सराय वापस कैसे पहुँचा ?

(घ) आपकी नजर में समाज सेवा क्या है और यह कैसे-कैसे की जा सकती है ? आपके द्वारा किया गया कुछ ऐसा कार्य जो उल्लेखनीय हो लिखें।

5. **जीवन सत्य है,**
चिरंतन है, शाश्वत है,
आओ महासागर के
विस्तार में
बूँद की भाँति घुलकर,
हम एकाकार हो जाएँ **[4x4=16]**

(क) इस कविता में 'मानवीय दृष्टिकोण' अपनाने की सीख दी गई है। इसके लिए हमें किन बातों को छोड़ना होगा और किन गुणों को अपनाना होगा ?

(ख) 'महासागर के विस्तार में एकाकार' होने का क्या अर्थ है ? हम भारतवासी किस प्रकार एकाकार हो सकते हैं ?

(ग) कविता का केन्द्रीय भाव लिखें।

(घ) अर्थ लिखें :-
सृष्टि, शाश्वत, सहिष्णुता, विवेकशक्ति

6. **फिर अंडे सेएगी तू जब**
निकलेंगे नन्हें बच्चे तब,
हम आकर बारी-बारी से
कर लेंगे उनकी निगरानी।

फिर जब उनके पर निकलेंगे।
बया बनेंगे, उड़ जाएँगे,
हम सब तेरे पास रहेंगे
तू रोना मत चिड़िया रानी। **[4x4=16]**

(क) बया पक्षी के घोंसलों की क्या विशेषता है ? कवयित्री ने उन्हें 'महल' क्यों कहा है ?

(ख) बच्चों के पर निकल आने पर क्या होगा ? बच्चे बया को कैसे दिलासा दे रहे हैं ?

(ग) कवयित्री का नाम लिखते हुए यह बताएँ कि किस भाव का सुंदर चित्रण हुआ है ? इस कविता से आपको क्या सीख मिलती है।

(घ) शब्दार्थ लिखें :-
निगरानी, पर, दाना हौज

Downloaded From www.icseboard.org